जॉब अलर्ट

भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) ने इलेक्ट्रॉनिक्स, मैकेनिकल और कंप्यूटर साइंस के विषयों में वैज्ञानिक/इंजीनियर की भर्ती के लिए पात्र उम्मीदवारों से ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए हैं. पात्र उम्मीदवार आधिकारिक वेबसाइट (isro.gov.in) पर 19 मई, 2025 तक इन पदों के लिए आवेदन कर सकते हैं.भर्ती अभियान का उद्देश्य 63 रिक्तियों को भरना है.

न्यूज फ्लैश

केपीएस में ग्रीन डे मनाया गया

जमशेदपुर: केरला पब्लिक स्कूल में प्री-प्राइमरी विंग ने शुक्रवार को ग्रीन डे मनाया. इस दिन बच्चे एवं शिक्षिकायें हरे रंग के पोशाक में पहुंचे. नौनिहालों ने शिक्षिकाओं की मदद से अपनी कक्षाओं को हरे रंग के बैलून, सब्जियां एवं फलों से आकर्षक ढंग से सजाया. विद्यालय परिसर बच्चों के द्वारा प्रस्तुत की गई गतिविधियों जैसे- भाषण, गीत, नृत्य एवं कविताओं की श्रृंखलाओं से गूंज उठा. प्री-प्राइमरी के छात्र-छात्राओं को हरे रंग के पेड़-पौधे ,फल एवं सब्जियों से परिचय करवाया गया. बीजारोपण के द्वारा बच्चों में वृक्षारोपण की महत्ता पर बल दिया गया. नर्सरी के बच्चों ने हरे आम, अंगूर, शिमला मिर्च एवं मेढ़क के जैसे पोशाक धारण कर लय में गीत प्रस्तुत किया. बच्चों ने औषधीय पौधा जैसे नीम, तुलसी एवं पुदीना के गुणों के बारे में विस्तार से समझाया. नाटक के द्वारा बच्चों ने यह दर्शाया कि वृक्षों को काटना नहीं बल्कि अधिक से अधिक वृक्षारोपण करना चाहिए. कार्यक्रम में मुख्यध्यापिका अलमेलु रविशंकर ने बच्चों को पौधा लगाने के महत्व को समझाया और कहा कि हरियाली ही समृद्धि एवं समन्वय का प्रतीक है.

हिंद आईटीआई का वार्षिकोत्सव

जमशेदपुर: हिंद आईटीआई ने अपने 16वां स्थापना दिवस उत्साह और धूमधाम के साथ मनाया. समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व लायंस क्लब गवर्नर आनंद चौधरी ने शिरकत की. उनके साथ बीआईटी-एन-एच कंपनी के पीएलसी ऑटोमेशन विशेषज्ञ मिथु नाथ कारक, नगर निगम के ब्रांड एम्बेसडर सुशील कुमार सिंह और हिंद आईटीआई के निदेशक व नगर निगम के ब्रांड एम्बेसडर डॉ. ताहिर हुसैन भी उपस्थित रहे. इस समारोह में हिंद पावर कंसल्टेंसी के.राजा, आयूब, सतेंद्र सिंह, पी.के. पॉल, हाजी आफताब, मनन, खदीजा और सायमा सहित शिक्षकों, कर्मचारियों और छात्रों ने मिलकर इस उत्सव को अविस्मरणीय बनाया. समारोह में मेधावी छात्रों को प्रमाण पत्र, मेडल और शॉल देकर सम्मानित किया गया. छात्रों ने विभिन्न सांस्कृतिक और मनोरंजक कार्यक्रम प्रस्तुत किए, जिन्होंने दर्शकों का मन मोह लिया.

मारवाड़ी युवा मंच ने की 'चलंत शीतल अमृत धारा' की शुरुआत

जमशेदपुर: मारवाड़ी युवा मंच स्टील सिटी सुरभि शाखा द्वारा बाराद्वारी में चलंत शीतल अमृत धारा सेवा की शुरुआत की गई. इस सेवा के तहत राहगीरों को गर्मी से राहत देने के लिए नि:शुल्क ठंडे जल की व्यवस्था की गई है, जो पूरे गर्मी भर चलेगी. शाखा की अध्यक्ष ज्योति अग्रवाल, सचिव पायल अग्रवाल और कोषाध्यक्ष पूजा अग्रवाल के नेतृत्व में यह सेवा आरंभ हुई. इसका उद्घाटन विधायक पूर्णिमा साहू ने किया. उनके साथ प्रमुख समाजसेवी बिमल रिंगरसिया, बजरंग अग्रवाल, बबलू अग्रवाल, सन्नी संघी, मोहित मुनका सहित मंच की सक्रिय सदस्य मौजूद रहीं. कार्यक्रम में अंजू चेतानी, खुशबू कांवटिया, रश्मी झांझरिया, श्रुति अग्रवाल, बिंदिया नरेड़ी, प्रियंका चौधरी, प्रीति अग्रवाल, वर्षा चौधरी, पूनम अग्रवाल, रजनी बंसल, सुमन अग्रवाल, रेखा अग्रवाल, सीमा सपरिया और पारुल चेतानी आदि मौजूद रहीं.

चर्म रोग विशेषज्ञ डॉ राजीव ठाकुर अंतरराष्ट्रीय कांफ्रेंस में लेंगे हिस्सा

जमशेदपुर: 13वें साउथ एशियन रिजनल कॉन्फ्रेंस ऑफ डर्मेटोलॉजी का आयोजन मंगोलोर के डॉ टीएमए पाई इंटरनेशनल कन्वेंशन सेंटर में आयोजित किया गया है. इस कांफ्रेंस में झारखंड से चर्म रोग विशेषज्ञ डॉक्टर राजीव कुमार ठाकुर को आमंत्रित किया गया है. इस तीन दिवसीय सम्मेलन में डॉ. राजीव कुमार ठाकुर वर्तमान परिप्रेक्ष्य में एग्समेर लेजर की उपयोगिता पर प्रकाश डालेंगे. डॉ राजीव कुमार ठाकुर झारखंड के एकमात्र चर्म रोग विशेषज्ञ हैं जिन्हें इस कांफ्रेंस में आमंत्रित किया गया है.

नाटक के मंचन की प्रक्रिया हुई तेज, कार्यशाला का समापन कल

जमशेदपुर: झारखंड की सांस्कृतिक राजधानी के रूप में ख्याति प्राप्त जमशेदपुर एक बार फिर रंगमंचीय गतिविधियों का केंद्र बना हुआ है. सांस्कृतिक कार्य निदेशालय (पर्यटन कला संस्कृति खेलकूद एवं युवा कार्य विभाग, झारखंड सरकार) तथा पथ पीपुल्स एसोसिएशन फॉर थियेटर के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित 21 दिवसीय नि:शुल्क नाट्य कार्यशाला अब अपने अंतिम चरण में है. प्रतिभागियों में विशेष उत्साह देखा जा रहा है.

मानगो गुरुद्वारा में होगा गुरमत सिख्या कैंप

जमशेदपुर: 28 सितंबर से 4 अक्टूबर तक मानगो गुरुद्वारा में सात दिवसीय सिखों के लिए गुरमीत सिख्या कैम्प का आयोजन किया जाएगा. इस बाबत गुरुवार को कोलकाता से आए सिख फोरम के प्रतिनिधिमंडल मानगो गुरुद्वारा और सीजीपीसी का दौरा किया. कोलकाता की धार्मिक संस्था सिख फोरम एंड सिख वेलफेयर एसोसिएशन और गुरुद्वारा श्री गुरु सिंह सभा के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित होने वाले गुरमत सिख्या कैंप (गुरमत शिक्षा शिविर) में अधिक से अधिक संख्या में शामिल होने के अपील की गई है. आगामी 28 सितंबर से 4 अक्टूबर तक कोलकाता की धार्मिक संस्था सिख फोरम एंड सिख वेलफेयर एसोसिएशन और श्री गुरु सिंह सभा के संयुक्त तत्वाधान में गुरमत सिख्या कैंप आयोजित किया जा रहा है.

श्रीनाथ विश्वविद्यालय में टेक्निकल कॉन्क्लेव का आयोजन

जमशेदपुर: श्रीनाथ यूनिवर्सिटी जमशेदपुर में 1 और 2 मई को आयोजित दो दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय टेक्निकल कॉन्क्लेव 'तरुश 2.0' का आयोजन किया गया. इसमें छात्रों, शिक्षकों और उद्योग जगत के विशेषज्ञों की सक्रिय भागीदारी रही.

कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन के साथ हुआ, जिसमें विश्वविद्यालय के कुलाधिपति सुखदेव महतो, कुलपति प्रो. (डॉ.) एन. एन. सिंह, डीन एकेडमिक्स डॉ. दीपक शुक्ला, एसोसिएट डीन एकेडमिक्स डॉ. भाव्या भूषण, डीन एडमिनिस्ट्रेशन जे. राजेश और इंजीनियरिंग विभाग के प्रमुख श्री शशिकांत सिंह के साथ अन्य प्रोफेसरों की गरिमामयी उपस्थिति रही. सभी वक्ताओं ने शिक्षा और उद्योग के बीच व्यावहारिक सेतु निर्माण की आवश्यकता पर बल देते हुए विद्यार्थियों को नवाचार, कौशल विकास और तकनीकी दक्षता के लिए प्रोत्साहित किया. इस दो दिवसीय कार्यक्रम के प्रथम दिवस में कैपजेमिनी बेंगलुरु से शोविक बनर्जी, सीएसआईआर-एनएमएल के चीफ साइंटिस्ट डॉ. प्रेम कुमार, पश्चिम बंगाल से वेबसोल के सीनियर मैनेजर डॉ. अनुपम नंदी, ऑस्ट्रेलिया से सॉफ्टवेयर डेवलपर संदीप आनंद और मर्सिडीज बेंज यूएसए से कौशिक बोस जैसे अंतराष्ट्रीय विशेषज्ञों ने अपने बहुमूल्य विचार साझा किए. इस कॉन्क्लेव में टेक डिबेट, मॉडल प्रेजेंटेशन, फ्लेक्स प्रेजेंटेशन जैसी तकनीकी प्रतियोगिताओं के द्वारा छात्रों ने अपनी रचनात्मकता और नवाचार क्षमता का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया. कार्यक्रम के दूसरे दिन में टाटा पावर के स्टेशन हेड गौरव बवसे ने ऊर्जा और तकनीक के क्षेत्र में अपने अनुभव छात्रों के साथ साझा किए, वहीं एसआरएमआईएसटी चेन्नई से डॉ. अरिजीत वर्धन रॉय ने डिजिटल क्रांति पर अपने विचार रखे. इसके पश्चात 'असेंबल द जंबल' जैसी बौद्धिक गतिविधियों और टेक ड्रामा, कैराओके सिंगिंग, ग्रुप डांस जैसी सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने कार्यक्रम को और अधिक रोमांचक बना दिया.

राष्ट्रपति पुरस्कार से सम्मानित शिक्षकों ने की सेवा विस्तार की मांग

जमशेदपुर: झारखंड के राष्ट्रपति पुरस्कार से सम्मानित शिक्षकों को दो वर्षों का सेवा विस्तार तथा दो वेतन वृद्धि की सुविधा देने की मांग की जा रही है. शुक्रवार को राष्ट्रीय अध्यापक शिक्षक पुरस्कार संघ के कार्यकारी अध्यक्ष सुशील मरांडी तथा उपाध्यक्ष किशोर कुमार प्रसाद ने शिक्षा मंत्री रामदास सोरेन से मिलकर इस मुद्दे पर बातचीत की. साथ ही उन्होंने मंत्री को एक मांग पत्र भी सौंपा. मंत्री को उन्होंने बताया कि देश के विभिन्न राज्यों में राष्ट्रपति पुरस्कार से सम्मानित शिक्षकों को दो वर्षों का सेवा विस्तार तथा दो वेतन वृद्धि की सुविधा दी जा रही है, लेकिन झारखंड राज्य में राष्ट्रपति पुरस्कार से सम्मानित शिक्षकों को किसी प्रकार के सुविधा उपलब्ध नहीं कराई गई है. मांग पत्र में उन्होंने कहा कि देश के अन्य राज्यों की तरह झारखंड में भी दो वर्षों का सेवा विस्तार तथा दो अतिरिक्त वेतन वृद्धि कि सुविधा देने के दिशा में पहल करने की आवश्यकता है. प्रसाद ने बताया कि 2021 में तत्कालीन मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन द्वारा राष्ट्रपति पुरस्कार से सम्मानित शिक्षकों को विधानसभा स्थापना दिवस पर विशेष रूप से सम्मानित किया गया. झारखंड गठन के बाद यह पहला मौका था जब राष्ट्रपति पुरस्कार से सम्मानित शिक्षकों को राज्य स्तर पर सम्मानित किया गया. उस समय विधानसभा अध्यक्ष रविन्द्रनाथ महतो द्वारा शिक्षा सचिव को इस संबंध में उचित कार्रवाई करने का दिशा निर्देश दिया गया था. शिक्षा मंत्री ने शिक्षा सचिव को इस संबंध में की गई कार्रवाई से जानकारी उपलब्ध कराने का निदेश दिया है. बताया गया कि देश के विभिन्न राज्य जैसे हिमाचल प्रदेश, मध्य प्रदेश, उत्तर प्रदेश, हरियाणा, छत्तीसगढ़, असम , राजस्थान, महाराष्ट्र आदि राज्यों में राष्ट्रपति पुरस्कार प्राप्त शिक्षकों को विभिन्न प्रकार के सुविधा उपलब्ध कराई गई है. इस अवसर पर पूर्व विधायक कुणाल सारंगी राष्ट्रपति पुरस्कार प्राप्त शिक्षकों के साथ शामिल थे.

लायंस क्लब ने किया तौलिया और जल जीरा का वितरण

जमशेदपुर: लायंस क्लब ऑफ जमशेदपुर द्वारा अध्यक्ष शशि गाडिया के नेतृत्व में आज अंतर्राष्ट्रीय मजदूर दिवस के अवसर पर एक सेवा परियोजना का आयोजन किया गया. इसके तहत ठेले वालों सहित 60 दिहाड़ी मजदूरों के बीच तौलिये और ठंडे जल जीरा की बोतल वितरित की गई. इस अवसर पर अध्यक्ष शशि गाडिया, शिव शंकर गाडिया, मदन केशरी, उमेश्वर शर्मा, अरुण कुमार बिस्वास, पी बाबू राव, मिहिर कुमार दास उपस्थित थे.

रवींद्र भवन में दिखी बांग्ला संस्कृति

जमशेदपुर: झारखंड बंगभाषी समन्वय समिति ने अपनी रजत जयंती के अवसर पर बृहस्पतिवार को साकची स्थित रविन्द्र भवन में एक भव्य रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया. कार्यक्रम की शुरुआत जी बांग्ला सारेगामापा 2024 की शीर्ष प्रतियोगी सुश्री आरात्रिका सिन्हा की सुरीली आवाज़ से हुई, जिन्होंने रवींद्र संगीत के साथ-साथ देशभक्ति गीतों की प्रस्तुति देकर दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया. नृत्यांगन की सौमी बोस और उनकी टीम ने रवींद्र संगीत पर भावपूर्ण नृत्य प्रस्तुत कर समा बांध दिया. कार्यक्रम में टाटा स्टील के चीफ प्रोसेस एंड टेक्नोलॉजी अतनु रंजन पाल मुख्य अतिथि के रूप में और टैगोर सोसाइटी के महासचिव आशीष चौधरी विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित थे. समिति के विकास मुखर्जी ने स्वागत भाषण देते हुए संस्था की 25 वर्षों की यात्रा और उपलब्धियों पर प्रकाश डाला.

संदीप सिन्हा चौधरी ने समिति की बर्तमान व भविष्य की कार्यों को सभी के समक्ष रखा.समिति द्वारा विगत 25 वर्षों में किए गए कार्यों का विवरण प्रस्तुत करती हुई एक स्मारिका का भी विमोचन किया गया. आरात्रिका सिन्हा ने कृष्ण कोली आमी तारेई बोली, ना मोनो लागे ना, आमाय प्रश्न कोरे नील ध्रुव तारा, कारार एई लौह कपाट, पथे एवार नामों साथी पथेय हबे पथ चेना, कदम कदम बढ़ाए जा खुशी के गीत गाए जाजैसे गीतों की प्रस्तुति दी और जन गण मन से कार्यक्रम की समाप्ति की.

चार आश्रितों की वर्ग-3 व दो की क्लास-4 के पद पर होगी नियुक्ति

जमशेदपुर: उपायुक्त अनन्य मित्तल की अध्यक्षता में जिला अनुकंपा समिति की बैठक आयोजित की गई. बैठक में कुल 14 मामलों को समिति के निर्णय के लिए रखा गया, इसमें 06 मामलों में नियुक्ति के लिए सहमति प्रदान की गई. जिला स्थापना समिति सदस्यों ने क्रमवार आवेदक द्वारा किए गए आवेदन के आलोक में अभिभावक का मृत्यु प्रमाण पत्र एवं परिवार के सदस्यों की जानकारी, एनओसी एवं संबंधित विभागों में रिक्त पड़े पदों की जानकारी ली तत्पश्चात छह आवेदकों के नियुक्ति की सहमति प्रदान की गई तथा शेष आवेदकों को आवश्यक त्रुटि सुधार एवं कागजात जमा कराने हेतु सूचित करने का निर्देश दिया गया. चार आश्रितों को वर्ग-3 में नियुक्ति की सहमति दी गई जिनमें 1. भाष्कर दास, पुत्र स्व. कांचन कुमार दास (शिक्षक), 2. मुस्कान मार्डी, पुत्री स्व लखिन्द्र मार्डी (आदेशपाल), 3. शंकर सिंह, आश्रित स्व. पिंकी कुमारी (लिपिक), 4. कुनाल सिंह, पुत्र, स्व. दिलीप कुमार सिंह (शिक्षक) शामिल हैं, वहीं वर्ग-4 के लिए राम कृष्ण सरदार, पुत्र, स्व. बयार सिंह सरदार (शिक्षक) एवं दोला साहू, पत्नी, स्व. गौरी शंकर साहू (कल्याण पर्यवेक्षक) शामिल हैं. बैठक में धालभूम के अनुमंडल पदाधिकारी शताब्दी मजूमदार, अपर उपायुक्त भगीरथ प्रसाद, जिला कल्याण पदाधिकारी शंकराचार्य समद, डीईओ मनोज कुमार समेत पदाधिकारी उपस्थित थे.

पत्रकार नानक सिंह के पुत्र नवल सिंह को 12वीं साइंस में 97 प्रतिशत अंक

जमशेदपुर: पत्रकार नानक सिंह व प्राचार्या नवदीप रिखराज के पुत्र नवल सिंह ने 12वीं की परीक्षा में 97 प्रतिशत अंक प्राप्त कर न सिर्फ अपने स्कूल, बल्कि अपने अभिभावक व शहर का भी नाम रौशन किया है. लिटिल फ्लावर स्कूल (टेल्को) के विद्यार्थी नवल ने आईसीएसई बोर्ड से 12वी की परीक्षा 97 प्रतिशत अंकों के साथ उत्तीर्ण की. वह भविष्य में कंप्यूटर साइंस लेकर पढ़ाई कर देश सेवा करना चाहता है. ज्ञात हो कि नवल की माता नवदीप रिखराज गोलमुरी स्थित टिनप्लेट खालसा उच्च व मध्य विद्यालय की प्राचार्या हैं. नवल की और एक विशेष बात यह है कि वर्तमान में वो जेईई की मैंस की परीक्षा अच्छे रैंकों के साथ जेईई एडवांस के लिए क्वालीफाई कर आईआईटी में एडमिशन के लिए तैयारी में लगा है. नवल दो वर्ष पूर्व लिटिल फ्लावर स्कूल से 10वीं की परीक्षा भी अच्छे अंकों से उत्तीर्ण किया था. उस वक्त उसे 98 प्रतिशत अंक प्राप्त हुए थे.

दक्षिण पूर्व रेलवे-निविदा

ई-निविदा सूचना सं. ईएल-जी-आरएनसी-18-25, दिनांक 01.05.2025; भारत के राष्ट्रपति के लिए तथा उनकी ओर से वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियंता (जी)/रांची, दक्षिण पूर्व रेलवे द्वारा निम्नलिखित कार्य के निष्पादन के लिए ई-निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं, जिसे दिनांक 23.05.2025 को अपराह्न 4.00 बजे अथवा उसके उपरांत खोला जाएगा। कार्य का संक्षिप्त विवरण/नाम: नामकोन एवं टाटीसिलवे में वर्तमान गुड्स शेड की बुनियादी ढांचे के उन्नयन/आधुनिकीकरण के लिए विद्युतीय कार्य। कार्य का विज्ञापित मूल्य: रु. 48,03,882.68; ईएमडी/बोली सुरक्षा: रु. 96,100; निविदा बंद होने की तारीख एवं समय: 23.05.2025 को अपराह्न 04.00 बजे। वेबसाइट का विवरण: https://www.ireps.gov.in/ निविदा का विवरण वेबसाइट http://www.ireps.gov.in पर देखे जा सकते हैं। निविदादाताओं/बोलीदाताओं के पास क्लास-III डिजिटल सिग्नेचर सर्टिफिकेट होना चाहिए तथा आईआरईपीएस पोर्टल पर पंजीकृत होना चाहिए। सिर्फ पंजीकृत निविदादाता/बोलीदाता ई-निविदा प्रणाली में भाग ले सकते हैं। (PR-108)

भगवान बुद्ध के जन्म,ज्ञान प्राप्ति व महापरिनिर्वाण का उत्सव मनेगा

जमशेदपुर: योग विद्या प्राणिक हीलिंग फाउंडेशन ट्रस्ट ऑफ झारखंड के द्वारा 11 मई से नरभेराम हंसराज स्कूल प्रेक्षागृह में विशाक उत्सव का आयोजन किया जाएगा. यहां रिपोर्टिंग समय दोपहर 4:30 बजे, ध्यान समय- शाम 5:00 बजे से 7 बजे तक होगा. यह पावन उत्सव एक समय हैं वैश्विक ध्यान, इच्छाओं की पूर्ति और दिव्य आशीर्वाद के लिए है. यह दुनिया भर में मनाए जाने वाले सबसे बड़े ध्यान उत्सव के रूप में पहचाना जाता है, जो सभी पंथों और मार्गों के साधकों को आकर्षित करता है



भगवान बुद्ध के जन्म, ज्ञान प्राप्ति और महापरिनिर्वाण का उत्सव माना जाता है यह वह वार्षिक क्षण है जब भगवान बुद्ध मानवता को आशीर्वाद देने के लिए अवतरित होते हैं और प्रकाश, प्रेम और आध्यात्मिक उद्देश्य की अत्यधिक शक्तिशाली ऊर्जा का संचार करते हैं. इसे इच्छा पूर्ति का दिन भी माना जाता है.

ट्विन हार्ट्स मेडिटेशन पर ध्यान क्यों करें?

ट्विन हार्ट्स मेडिटेशन, जो मास्टर चोआ कोक सूई द्वारा विकसित किया गया है, एक अत्यंत प्रसिद्ध ध्यान तकनीक है जिसे विश्व भर में लाखों लोग अपनाते हैं यह ध्यान हृदय चक्र और सहस्रार चक्र को सक्रिय करता है, जिससे साधक एक शक्तिशाली आशीर्वाद वाहक बन जाता है.

चाकुलिया नगर पंचायत कार्यालय

-: आम सूचना :-

प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) 2.0 अंतर्गत "लाभार्थी आधारित व्यक्तिगत आवास निर्माण " हेतु नगर पंचायत चाकुलिया में आवेदन पत्र जमा किया जा रहा हैं । वैसे योग्य लाभुक जिसका पुरे भारत वर्ष में कहीं भी पक्का मकान नहीं है एवं जो विभिन्न कारणों से योजना के लाभ लेने हेतु इच्छुक है, तो सभी दस्तावेजों के साथ चाकुलिया नगर पंचायत कार्यालय के PMAY कोषांग में आकर आवेदन दे सकते है।

*** प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) 2.0 के आवेदन की पात्रता :–**

1. आवेदक अथवा उसके परिवार के सदस्य के नाम पर भारत में कहीं भी पक्का मकान नहीं होना चाहिए।
2. योजना में संबंधित लाभुक के परिवार में पति, पत्नी एवं अविवाहित बच्चे भाामिल होंगे।
3. लाभार्थी आर्थिक रूप से कमजोर आय वर्ग के होगें, जिनकी वार्शिक आय अधिकतम रू0 3 लाख तक हो ।
4. लाभुक मिशन के विभिन्न घटकों में से केवल एक घटक का ही लाभ ले सकते है।

*** आवेदन पत्र के साथ निम्नलिखित दस्तावेज आवश्यक है :–**

1. आवेदन पत्र विहित प्रपत्र में । (कार्यालय से प्राप्त कर)
2. आवेदन हेतु लाभुक का ACTIVE मोबाईल नम्बर आधार कार्ड से लिंक्ड हों ।
3. परिवारिक फोटो।
4. पति एवं पत्नी का मतदाता पहचान पत्र का छाया प्रति।
5. आवेदक का बैंक खाता का छाया प्रति।
6. आय प्रमाण–पत्र (अंचल अधिकारी द्वारा निर्गत)
7. भारत वर्ष में कहीं भी पक्का मकान नहीं होने का शपथ–पत्र ।
8. भू–स्वामित्व प्रमाण–पत्र /भूमि दस्तावेज का छाया प्रति।
9. अद्यतन होल्डिंग रसीद का छाया प्रति।

अधिक जानकारी के लिए कार्यालय चाकुलिया नगर पंचायत के PMAY कोषांग में सम्पर्क किया जा सकता है।

प्रशासक
चाकुलिया नगर पंचायत।

PR.NO.351505 Urban Development(25-26):D

कार्यालय, आदित्यपुर नगर निगम
(अभियंत्रण शाखा)
कल्पनापुरी, आदित्यपुर इन्डस्ट्रीयल एरिया, आदित्यपुर
e-mail : mcadityapur2@gmail.com

अति अल्पकालिन निविदा आमंत्रण सूचना

निविदा आमंत्रण सूचना संख्या–03/2024-25 दिनांक– 30.04.2025

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि नगर निगम आदित्यपुर अन्तर्गत अवस्थित विभिन्न वाहनों के रख–रखाव हेतु विभिन्न सामग्रियों के क्रय हेतु प्रतिष्ठित आपूर्तिकर्ताओं से मुहरबंद तकनीकी एवं वित्तीय निविदा आमंत्रित की जाती है।

निविदा से संबंधित मुख्य तिथि, समय एवं स्थान	
निविदा प्रारंभ की तिथि	02.05.2025
निविदा जमा करने की अंतिम तिथि एवं समय	14.05.2025 (12.00 PM)
तकनीकी एवं वित्तीय निविदा खुलने की तिथि एवं समय	15.05.2025 (13.00 PM)
निविदा प्रक्रिया का स्थान	नगर निगम आदित्यपुर का कार्यालय, कल्पनापुरी, आदित्यपुर
संपर्क सूत्र	9031008605

आपूर्ति की जाने वाली सामग्रियों की विवरणी

Sl. No.	DESCRIPTION	QTY	Rate (Per Unit)
1	Tyre – 215/75 R 15	04 Nos.	
2	Tyre – Front 10.00 R 20 (Water Tanker 12 KL)	02 Nos.	
3	Tyre – Rear 295/90 R 20 (Water Tanker 12 KL)	03 Nos.	
4	Tyre – Rear 8.25 – 16 (407 Water Tanker)	02 Nos.	
5	Tyre – Front 9.00 – 16 (JCB)	07 Nos.	
6	Tyre – Rear 14.00 – 25 (JCB)	05 Nos.	
7	Tyre – Front 6.00 – 16 (Tractor)	17 Nos.	
8	Tyre – Rear 12.4 – 28 (Tractor)	16 Nos.	
9	Battery – 100 Amp (Tractor)	10 Nos.	
10	Engine Oil (15 W40)	100 Ltr.	
11	DEF	100 Ltr.	
12	Universal Oil	100 Ltr.	
13	Grease (AP3)	50 Kg.	

1. निविदादाता तकनीकी बीड एवं वित्तीय बीड अलग–अलग मुहरबन्द लिफाफे में देना सुनिश्चित करेंगे।
2. तकनीकी बीड हेतु निविदा के साथ 20,000/– (बीस हजार) रूपये का किसी भी राष्ट्रीयकृत बैंक का बैंक ड्राफ्ट(लौटाने योग्य), जो अपर नगर आयुक्त, नगर निगम आदित्यपुर के पदनाम से भुगतेय होगा संलग्न किया जाना है।
3. फर्म का वैद्य पैन नंबर धारक होना एवं विगत दो वर्षो का (2023–24 एवं 2024–25) आयकर विवरणी संलग्न करना अनिवार्य होगा।
4. फर्म का जी0एस0टी0 प्रमाण–पत्र एवं अद्यतन जी0एस0टी0 रिर्टन संलग्न करना अनिवार्य है।
5. निविदादाता को काली सूची में दर्ज नहीं होने का शपथ पत्र देना होगा।
6. अद्यतन चरित्र प्रमाण पत्र संलग्न करना अनिवार्य होगा।
7. सामानों की आपूर्ति एवं अधिष्ठापन स्वयं के खर्च पर नगर निगम आदित्यपुर कार्यालय में करनी होगी, अलग से कोई राशि देय नहीं होगा।
8. आपूर्ति की जाने वाली सामग्रियों हेतु किसी प्रकार का अग्रिम का भुगतान नहीं किया जाएगा।
9. किसी भी समय निविदा को बिना कारण बताये स्थगित या रद्द करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी को सुरक्षित रहेगा।
10. किसी तरह का विवाद होने पर न्यायिक क्षेत्र सरायकेला होगा।

उपरोक्त शर्तो/निहित निर्देशों के अनुसार निविदादाताओं को अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय नगर निगम आदित्यपुर में स्वयं अथवा प्रतिनिधि के माध्यम से उपस्थित होकर नगर निगम आदित्यपुर कार्यालय, कल्पनापुरी आदित्यपुर में निविदा जमा किया जायेगा, जिसे अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय कक्ष/कार्यालय सभागार में निविदा समिति के द्वारा निविदा खोली जाएगी, जिसमें निविदादाजा अथवा उनके प्रतिनिधि की उपस्थिति अनिवार्य होगी। निश्चित तिथि एवं समय के पश्चात प्राप्त निविदा को स्वीकार नहीं किया जाएगा।

प्रशासक
नगर निगम, आदित्यपुर

PR 351495 Urban Development(25-26).D

कार्यालय–जिला आयुश चिकित्सा पदाधिकारी
प0 सिंहभूम चाईबासा
E-mail Id – damocbsa@gmail.com

विज्ञापन सं – 02/2025 (आयुश)
योग प्रशिक्षक के चयन हेतु शुद्धि पत्र

दिनांक 12.04.2025 को समाचार पत्र में प्रकाशित विज्ञापन सं0 01/2025(आयुश) की कण्डिका 01 में अंकित महिला योग प्रशिक्षक की संख्या 34 के स्थान पर शुद्ध रूप से 26 पढा जाय।

इस हद तक प्रकाशित विज्ञापन को संशोधित समझा जाए, शेष सभी पूर्ववत् रहेगा।

PR No- 350477

जिला आयुश चिकित्सा पदाधिकारी,
प0 सिंहभूम चाईबासा।

सिविल सर्जन
प0 सिंहभूम चाईबासा

PR 351537 (West Singhbhum)25-26*D

A TATA Enterprise

टीआरएफ लिमिटेड
पंजीकृत कार्यालय : 11, स्टेशन रोड, बर्मामाईंस, जमशेदपुर - 831007
सी.आई.एन: L74210JH1962PLC000700

रू लाख में

31 मार्च, 2025 को समाप्त तिमाही एवं वर्ष के लिए समेकित वित्तीय परिणामों का उद्धरण

क्रम सं.	विवरण	31.03.2025 को समाप्त तिमाही अनांकेक्षित	31.03.2025 को समाप्त वर्ष अंकेक्षित	31.03.2024 को समाप्त तिमाही अनांकेक्षित
1.	प्रचालन से कुल आय (शुद्ध)	2,710.98	12,073.48	3,800.45
2.	सामान्य गतिविधियों से आपदादिक मदों, कर पूर्व शुद्ध लाभ/(हानि) एवं बंद पड़े प्रचालनों सहित	865.64	3,093.14	629.86
3.	सामान्य गतिविधियो से कर एवं अल्प हित के पश्चात शुद्ध लाभ/(हानि) एवं बंद पड़े प्रचालनों सहित	351.69	2,579.19	629.64
4.	अन्य संपूर्ण आय	141.08	222.05	(205.22)
5.	सकल समेकित आय (कर पश्चात शुद्ध लाभ /(हानि), अल्प ब्याज तथा अन्य समेकित आय (कर पश्चात्) बंद पड़े प्रचालनों सहित	492.77	2,801.24	424.42
6.	भुगतान की गई इक्विटी शेयर पूंजी	1,100.44	1,100.44	1,100.44
7.	प्रति शेयर (रू. 10/- का) वर्तमान में चालु और बंद पड़े प्रचालनों से आय/(हानि) - वार्षिकीकृत नहीं (रू)	3.20	23.44	5.73
8.	प्रति शेयर (रू. 10/- का) (वर्तमान में चालु और बंद पड़े प्रचालनों से मंदितकृत आय /(हानि)) - वार्षिकीकृत नहीं (रू.)	3.20	23.44	5.73

नोट :

1. एकल आधार पर कंपनी संबंधी जानकारी निम्न प्रकार से है :

रू लाख में

क्रम सं.	विवरण	31.03.2025 को समाप्त तिमाही अनांकेक्षित	31.03.2025 को समाप्त वर्ष अंकेक्षित	31.03.2024 को समाप्त तिमाही अनांकेक्षित
(क)	प्रचालन से कुल आय (शुद्ध)	2,710.98	12,073.48	3,800.45
(ख)	आपदादिक मदों एवं कर पूर्व शुद्ध लाभ / (हानि)	688.55	2,762.70	412.35
(ग)	अन्य संपूर्ण आय	54.68	20.23	(83.71)
(घ)	कर पश्चात् कुल संपूर्ण आय (लाभ/(हानि) सहित और संपूर्ण आय (कर पश्चात्)	743.23	2,782.93	328.64
(च)	EPS वार्षिकीकृत नहीं (रू.)	6.26	25.11	3.75
(छ)	मंदितकृत EPS - वार्षिकीकृत नहीं (रू)	6.26	25.11	3.75

2. सेबी (सूचीबद्धता एवं अन्य प्रकटीकरण की आवश्यकताओं) नियमावली 2015 के नियम 33 के अन्तर्गत स्टॉक एक्सचेंज में दर्ज की गई तिमाही वित्तीय परिणामों का विस्तारित प्रारूपों का उद्धरण है। कंपनी की वेबसाईट website www.trf.co. में तथा स्टॉक एक्सचेंज की वेबसाईट www.bseindia.com तथा www.nseindia.com पर भी तिमाही वित्तीय परिणामों को पूर्ण प्रारूप उपलब्ध है।

बोर्ड की ओर से
हस्ताक्षरित/-
उमेश कुमार सिंह
प्रबंध निर्देशक

जमशेदपुर
मई 02, 2025